# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–21 दिसंबर 2024** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के केजीएमयू के एक सौ बीसवें स्थापना दिवस समारोह में सड़सठ मेधावी छात्रों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संकट में हर व्यक्ति और संस्थान की पहचान होती है। जब अचानक कोई चुनौती आती है तो ही लोगों की बुद्धिमता और साहस की असल पहचान होती है। उन्होंने कहा कि केजीएमयू को अगले सौ वर्ष का लक्ष्य निर्धारित कर के आगे बढ़ना होगा ताकि संस्थान के गौरव को और आगे बढ़ाया जा सके। श्री योगी ने कहा कि कोरोना के दौरान इस संस्थान ने मिशाल पेश की है। यहां मेडिकल की सबसे अधिक सीटे हैं जहां पर छात्र पढ़ायी कर के आने वाले समय में चिकित्सा संस्थान की उपलब्धियों को और भी आगे लेकर जायेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने संस्थान को आगे बढ़ाने के लिये अत्याधुनिक मशीनों और लैब के लिये तीन सौ करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इसके अलावा तीन सौ सतहत्तर करोड़ रूपये से सर्जरी विभाग की एक नई बिल्डिंग बनाने को भी मंजूरी दी गयी है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद सहित कई लोग मौजूद रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कैश क्रेडिट लिंकेज प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ ही उनका हौसला भी बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, बीसी सखी और विद्युत सखी के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था का लोकार्पण भी किया। साथ ही, गोरखपुर मण्डल में बने सात दुग्ध अवशीतन केन्द्रों का भी लोकार्पण किया।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की कल आयोजित होने वाली पीसीएस दो हजार चौबीस प्रारम्भिक परीक्षा में नकल रोकने और पारदर्शिता के लिये प्रदेश सरकार ने कड़े इंजताम किए हैं। परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश से पहले बायोमेट्रिक उपस्थिति तो होगी ही, प्रवेश पत्र पर होलोग्राम भी चस्पा किया जायेगा। चेहरा ढक कर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है ताकि हर परीक्षार्थी सीसीटीवी की निगरानी में रहें। प्रदेश के पचहत्तर जिलों के तेरह सौ इकतीस केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा समन्न करायी जायेगी। पहली पारी साढ़े नौ से साढ़े ग्यारह और दूसरी पाली दोपहर ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक होगी, जिसमें पांच लाख छिहत्तर हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले प्रवेश दिया जायेगा लेकिन निर्धारित समय से पैंतालीस मिनट पहले केन्द्र के गेट बन्द कर दिये जायेंगे। परीक्षा समाप्त होने के तीस मिनट बाकी रहने पर कोई भी अभ्यर्थी कक्ष से बाहर नहीं जा सकेगा। परीक्षा के मद्देनजर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी मण्डलायुक्त और जिलाधिकारियों को विशेष सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

**********

प्रदेश सहित पूरे देश भर में आज पहला विश्व ध्यान दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस का आयोजन शांति और कल्याण की भावना से जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से ध्यान को अपनाने और दैनिक जीवन का अंग बनाने की अपील की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि ध्यान व्यक्ति और समाज के जीवन में शांति और समरसता लाने का सशक्त माध्यम है। श्री मोदी ने कहा कि तकनीक के मौजूदा दौर में, ऐप और वीडियो ध्यान को अपनाने में सहायक हो सकते हैं।

**********

कान्वेंट स्कूलों की तरह अब परिषदीय स्कूलों में भी बच्चों के शैक्षिक आकलन के लिये प्रत्येक माह टेस्ट लिया जायेगा। इस नई व्यवस्था को नये शिक्षण सत्र से लागू करने की तैयारी है। इसके लिये राज्य शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से हर माह होने वाले टेस्ट के लिये कोर्स तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके अलावा अब परिषदीय स्कूलों में शिक्षा को और अधिक बेहतर बनाने के लिये नये शिक्षण सत्र से हर महीने पैरेंट टीचर मीटिंग का भी आयोजन किया जायेगा।

**********

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के तहत अयोध्या मण्डल मुख्यालय पर आयोजित चार दिवसीय नेशनल चैम्पियनशिप खो–खो प्रतियोगिता का आज सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने शुभारम्भ किया। जीआईसी के मैदान पर आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में देश के उन्तीस राज्यों से बत्तीस टीमें शामिल हो रहीं हैं। प्रतियोगिता में सात सौ अड़सठ महिला खिलाड़ी भाग ले रही हैं। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री ने कहा कि खेल की प्रतिस्पर्धा जितनी बढ़ेगी, उतनी ही युवाओं में खेल को लेकर रूचि भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। देश के खिलाड़ी पूरे विश्व में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

**********